ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 08-07-2022

नैनीताल(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-07-08 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2022-07-09	2022-07-10	2022-07-11	2022-07-12	2022-07-13
वर्षा (मिमी)	40.0	70.0	35.0	10.0	30.0
अधिकतम तापमान(से.)	25.0	21.0	20.0	24.0	24.0
न्यूनतम तापमान(से.)	16.0	14.0	13.0	13.0	14.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	95	95	95	90	90
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	65	75	75	70	75
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	8.0	8.0	6.0	6.0
पवन दिशा (डिग्री)	130	130	130	130	130
क्लाउड कवर (ओक्टा)	7	8	7	6	8

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में, 9 जुलाई को भारी तथा शेष दिन हल्की से मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 20.0 से 25.0 व 13.0 से 16.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0-8.0 किमी/ घंटे की गति से पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। चेतावनीः जिले में कहीं-कहीं (अर्थात् 25 प्रतिशत क्षेत्र में), 8 व 10 जुलाई को भारी वर्षा तथा 9 जुलाई को भारी से बहुत भारी वर्षा हाने की चेतावनी दी गई है। ईआरएफएस के अनुसार, 14 से 20 जुलाई के दौरान राज्य में वर्षा, न्यूनतम तथा अधिकतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉ इड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है| किसान भाई रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें। आगामी दिनों में मध्यम से भारी वर्षा की सम्भावना व चेतावनी को देखते हुए किसान भाईयो को सलाह दी जाती है की वह अभी रसायनों का छिड़काव न करें तथा खेत में जल निकास की उचित व्यवस्था बनायें रखें ।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में, 9 जुलाई को भारी तथा शेष दिन हल्की से मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है। कहीं-कहीं 8 व 10 जुलाई को भारी वर्षा तथा 9 जुलाई को भारी से बहुत भारी वर्षा हाने की चेतावनी दी गई है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चावल	घाटी वाले क्षेत्रो में, धान की रोपाई का कार्य पूर्ण कर लें। किसान भाई धान की रोपाई से पूर्व खेत मे सिंचाई के लिए नाली तथा जल निकास की समुचित व्यवस्था करें।
सोयाबीन	खेत में जल निकास की उचित व्यवस्था बनायें रखें।
मक्का	आगामी दिनों में मौसम पूर्वानुमान व चेतावनी को देखते हुए, जून में बोई गई मक्का की फसल में अभी सिंचाई न करें व खेत में जल निकास की उचित व्यवस्था बनायें रखें।
अरहर (लाल चना/अरहर)	मौसम पूर्वानुमान व चेतावनी को देखते हुए,खेत में जल निकास की उचित व्यवस्था बनायें रखें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
मिर्च	किसान भाई खेत में जल निकास की उचित व्यवस्था बनायें रखें तथा रसायनों का छिड़काव अभी न करें।
सेम की फली	किसान भाई खेत में जल निकास की उचित व्यवस्था बनायें रखें तथा रसायनों का छिड़काव अभी न करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	पशुओं को बारिश का पानी न पिलायें। जुलाई एवं अगस्त महीना गाय/भैंसों की ब्याने का समय होता है अतः प्रसव प्रकोष्ठ को साफ-सुथरा करके इस्तेमाल हेतु तैयार रखें। प्रसव के तुरन्त बाद नवजात बच्चे की साफ-सफाई कर उसकी नाभी को धागे से बांधकर किसी साफ चाकू या ब्लेड से काटकर उस पर जैन्सन वायलेट पेन्ट अथवा टिंचर आयोडीन लगाना चाहिए। पशु को ब्याने के बाद अच्छी तरह से साफ-सफाई करके यूटरोटाने/हरीरा/गाइनोटोन नामक दवा में से किसी एक दवा की 200 मिली मात्रा सुबह शाम तीन दिनों तक गर्भाशय की सफाई हेतु देनी चाहिए।